# सीहोर जिला

नवभारत
भोपाल, सोमवार, 01 दिसंबर, 2025







## एक नजर में



### इंडियन कंक्रीट इंस्टीट्यूट ने दिया प्रजापति को अवार्ड

**सीहोर.** शहर के अनेक मैरिज गार्डन, इमारतों, भवनों के अलावा अनेक होटलों की डिजाइन करने वाले आर्किटेक्ट इंजीनियर दिनेश प्रजापति को इंडियन कंक्रीट इंस्टीट्यूट ने सम्मानित किया. कार्यक्रम में भोपाल एवं इंदौर रीजन के इंजीनियर आर्किटेक ने हिस्सा लिया, जिसमें अलग-अलग श्रेणी में अवार्ड दिए गए, शहर के इंजीनियर दिनेश प्रजापति एवं उनकी धर्मपत्नी आर्किटेक्ट हिना प्रजापति को एक सम्मिलित प्रोजेक्ट पर ड्रीम होम कैटेगरी में अवार्ड दिया गया. आर्किटेक्ट दिनेश प्रजापति की इस उपलब्धि पर शहर के अनेक लोगों ने उन्हें व हिना प्रजापति को बधाई दी है.



### केंद्रीय विद्यालय में मनाया दादा-दादी, नाना-नानी दिवस

**सीहोर.** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में ग्रैंडपेरेंट्स डे उत्साहपूर्वक मनाया गया. प्राथमिक विभाग के बच्चों के दादा-दादी व नाना-नानी तथा संकल्प वृद्ध आश्रम के अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए. कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता पर माल्यार्पण से हुई. बच्चों ने सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी और वरिष्ठजनों ने मनोरंजक खेलों में भाग लिया. विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए. अंत में प्राचार्य ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया. वरिष्ठजनों ने अपने विचार व अनुभव साझा किए. कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ.



### जागरूक रहना ही सुरक्षा की पहली सीढ़ी : कहारे

**रेहटी.** ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत पुलिस ने कई शासकीय विद्यालयों में पहुंचकर छात्राओं को सुरक्षा, जागरूकता और आत्मविश्वास से जोड़ने की महत्वपूर्ण पहल की. थाना प्रभारी राजेश कहारे व पुलिस टीम ने ग्राम बाबरी, महागांव और सतराना के शासकीय विद्यालयों में जागरुकता कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को ऑपरेशन मुस्कान की मंशा, साइबर क्राइम के बढ़ते खतरों, गुड टच-बैड टच, एवं विभिन्न महिला सुरक्षा संबंधी अपराधों की पहचान व उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई. थाना प्रभारी कहारे ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस हमेशा आपके साथ है किसी भी तरह की परेशानी या संदेह होने पर बिना हिचकिचाहट जानकारी दें. जागरुक रहना ही सुरक्षा की पहली सीढ़ी है.



### विद्यार्थियों ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों का लिया आशीर्वाद

**सीहोर.** शहर के वृद्धा आश्रम में आईईएस स्कूल के विद्यार्थियों ने बुजुर्गो का आशीर्वाद लिया और उनके साथ समय बिताया. विद्यार्थियों में नैतिकता तथा बुजुर्गों केसम्मान की भावना पैदा करने के उद्देश्य से स्कूल विद्यार्थियों को स्थानीय वृद्ध आश्रम ले जाया गया. यहां पर विद्यार्थियों ने अपनी पाकेट मनी से एकत्रित की गई राशि से बुजुर्गों को कंबल, राशन सामग्री का सामान आटा, दाल, साबुन, तेल, घी, फल आदि सामान प्रदान किया. इसी तरह छात्राओं ने फल आदि बुजुर्गों को खिलाया. इस मौके बच्चों द्वारा बुजुर्गों से हंसी ठठोली की गई वहीं बुजुर्गों ने अपने जीवन के अनुभव भी बच्चों से सांझा किए. इस मौके बुजुर्गों ने बच्चों को अपने बुजुर्गों, माता- पिता तथा गुरुजनों का सदैव सम्मान करने के लिए प्रेरित किया.



### आरबीएसके के तहत बच्चों को मिल रहीं स्वास्थ्य सेवाएं

**सीहोर.** जिले में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत नवजात से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चों को समग्र स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं. सीएमएचओ डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में पाए जाने वाले जन्मजात दोषों, कुपोषण, विकासात्मक देरी और विभिन्न बीमारियों की समय रहते पहचान कर उनका निशुल्क उपचार सुनिश्चित करना है, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके और वे स्वस्थ जीवन की ओर बढ़ सकें. उन्होंने बताया कि बाल स्वास्थ्य स्क्रीनिंग की प्रक्रिया जन्म के समय प्रसव स्थल पर, 0 से 6 सप्ताह तक नवजात शिशुओं के घरजाकर आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से, 6 सप्ताह से 6 वर्ष तक आंगनबाड़ी केंद्रों पर तथा 6 से 18 वर्ष तक के बच्चों की स्कूलों में जांच के माध्यम से की जाती है. जिन बच्चों में किसी प्रकार की समस्या पाई जाती है, उन्हें विशेष जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र में रेफर किया जाता है, जहां विशेषज्ञों द्वारा जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है.

# अतिक्रमण के अराजक कब्जों से शहर जाम

## दुकानों का सामान सड़क तक रखे जाने से सड़कें हुईं संकरी, दिन भर लगते जाम से नागरिक होते परेशान

- शहर की यातायात व्यवस्था बिगड़ने से लोग होते परेशान
- मेन रोड सहित तमाम सड़कों पर बनते जाम के हालात



**सीहोर.** मेन रोड पर दुकानों का सामान सड़कों पर रखा होने के कारण दुपहिया वाहनों का निकलना भी दूभर हो जाता है.

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 30 नवंबर. शहर की मुख्य सड़कों पर अतिक्रमण इस कदर हावी है कि रोजाना घंटों जाम लगना आम बात हो गई है. खासकर मेन रोड, बस स्टैंड रोड, नामक चौराहा व गांधी रोड पर हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं. फुटपाथ से लेकर सड़क के बीच तक ठेले, अवैध दुकानें और दुपहिया वाहन खड़े होने से रास्ते बेहद संकरे हो गए हैं. जिसकी वजह से दिन में कई बार जाम के हालात निर्मित होते हैं और लोग परेशान होते हैं.**

शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ गई है. आलम यह है कि शहर की लगभग हर सड़क अतिक्रमण की गिरफ्त में आ चुकी है. मेन रोड से लेकर आवासीय इलाकों तक हर जगह दुकानदारों द्वारा फुटपाथ और सड़क पर कब्जा कर लेने से ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है. रोजाना सुबह-शाम लगने वाले लंबे जाम से स्कूली बच्चों, नौकरी पेशा लोगों और मरीजों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है.लोगों का कहना है कि बाजार क्षेत्र में दुकानदार दुकान के बाहर तक सामान फैलाकर रखते हैं, जिससे सड़क संकरी हो जाती है. दोपहिया और चारपहिया वाहनों को निकलने तक की जगह नहीं बचती. ऐसे में दिन भर जाम के हालात निर्मित होते हैं.

शहर के कोतवाली चौराहा से तहसील चौराहा तक अधिकांश दुकानों का सामान सड़कों पर रखा जाता है. एक दूसरे की देखादेखी सड़कों पर किया जाने वाला यह अतिक्रमण सड़क को इतना संकरा कर देता है कि दो बाइक भी आसानी से क्रास नहीं हो पातीं. इसके अलावा बेतरतीब ढंग से पार्क किए गए दुपहिया वाहन और मंडराते हाथठेले यातायात व्यवस्था को पूरी तरह तहस नहस कर देते हैं. ऐसे में जब स्कूली बसें जाम में फंसती हैं तो छोटे बच्चे काफी परेशान होते हैं.

हैरत की बात तो यह है कि मेन रोड पर चारपहिया वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध है. इसके बावजूद दिन में कई बार कारों का निकलना बदस्तूर जारी रहता है. नतीजतन दुपहिया वाहन इनके पीछे- पीछे रेंगते हुए चलते हैं. नपा द्वारा अक्सर अतिक्रमण हटाने की मुनादी कर दी जाती है. उसके बाद कार्रवाई करने की जहमत नहीं उठाई जाती जिसकी वजह से शहर की जनता रोजाना जाम में फंसने को बाध्य है.

### आए दिन जाम में फंसती एंबुलेंस

शहर के जगदीश मंदिर क्षेत्र में रविवार की दोपहर लगा भीषण जाम लोगों के लिए मुसीबत बन गया. करीब 10 मिनट तक एक एम्बुलेंस अतिक्रमण से जाम हुई सड़क में फंसी रही. एम्बुलेंस में मौजूद मरीज की हालत गंभीर थी, लेकिन आगे-पीछे तक गाड़ियों की कतार और सड़क पर दुकानदारों का फैलाया सामान रास्ता रोकता रहा. सड़क इतनी संकरी हो चुकी थी कि एम्बुलेंस निकल ही नहीं पा रही थी. मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केन्द्र के सामने की दुकानों के सामने खड़ी दर्जनों बाइक के कारण एंबुलेंस को अस्पताल में जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा.

### अतिक्रमण हटाने उठाएंगे सख्त कदम

दुकानदारों को कई बार समझाईश दी जा चुकी है. इसके बाद भी वह दुकानों का सामान सड़क पर रखने से बाज नहीं आ रहे. शीघ्र ही नपा द्वारा प्रभावी अभियान चलाया जाएगा और ऐसी दुकानों पर कार्रवाई करेंगे.

**सुधीर कुमार,**
मुख्य नपा अधिकारी

### दो नाबालिग बालिकाओं को किया बरामद

**आष्टा.** मुस्कान विशेष अभियान के तहत थाना आष्टा एवं थाना जावर पुलिस द्वारा नाबालिग अपहृता बालिकाओं को सुरक्षित बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया एवं आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया. थाना आष्टा में 27 अक्टूबर को नाबालिग बालिका के बहला-फुसलाकर ले जाने की सूचना पर प्रकरण दर्ज किया गया. इसी तरह थाना जावर में 12 जुलाई को ग्राम गुराड़िया वर्मा निवासी नाबालिग लड़की के अपहरण की सूचना पर मामला पंजीबद्ध किया गया था. टीम द्वारा मुखबिर की सहायता से नाबालिग अपहृता को आरोपी के कब्जे से बकतरा थाना शाहगंज से बरामद किया गया. आरोपी पर दुष्कर्म एवं पोक्सो अधिनियम की धाराओं का इजाफा कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया. आरोपी पूर्व से जमानत पर रिहा था. उसकी जमानत भी रद्द कराई जा रही है. इसी तरह जावर थाना क्षेत्र के प्रकरण में गठित पुलिस टीम द्वारा सतत प्रयास, तकनीकी जानकारी एवं मुखबिर सूचना पर कार्यवाही करते हुए नाबालिग बालिका को सुरक्षित बरामद किया गया. आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण में धारा 87, 64(2) बीएनएस एवं पोक्सो एक्ट का इजाफा किया गया तथा न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया. बाद में पीड़िता को परिजनों के सुपुर्द किया गया.

# बोरी बंधान से दिया जल बचाने का संदेश

**नवभारत न्यूज**

**बुधनी 30 नवंबर.** मप्र जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम की कक्षा में जल संचय संगोष्ठी का आयोजन किया गया. समन्वयक इंदर सिंह ने छात्रों को जल संरक्षण के विभिन्न वैज्ञानिक एवं सरल उपायों की जानकारी देते हुए बताया कि छोटे-छोटे जल संरचनाओं के माध्यम से वर्षा जल को संरक्षित किया जा सकता है.

उन्होंने कहा कि बोरी बंधान, सोखता गड्ढे, कंटूर स्ट्रेचिंग, रेन वाटर हार्वेस्टिंग जैसे उपाय भविष्य के जल संकट से निपटने में अत्यंत सहायक सिद्ध हो सकते हैं. कार्यक्रम में आलोक यादव, सुनील पांडे, अभिषेक यादव, बबलू दायमा, शिवानी चौहान



और रमेश शर्मा ने भी विचार रखे. ग्राम देवगांव में नर्मदा की सहायक कालियादेव नदी पर जन सहयोग से बोरी बंधान किया गया. इस सामूहिक प्रयास में प्रस्फुटन समिति, नवांकुर संस्था तथा एमएसडब्ल्यू और बीएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता निभाई. इस अभियान में प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष अमर आकरे, नवांकुर संस्था सचिव चैन सिंह किर सहित बड़ी संख्या में युवा और ग्रामीण मौजूद रहे.

# नि :शुल्क नेत्र शिविर में 375 मरीजों का परीक्षण

- अग्रसोच सोशल फाउंडेशन ने किया नेत्र शिविर का आयोजन
- 30 मरीजों का होगा नि :शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 30 नवंबर.** सामाजिक संस्था अग्रसोच सोशल फाउण्डेशन द्वारा मानक बाग पर स्वर्गीय मानकचंद रूठिया की स्मृति में विशाल नेत्र शिविर का आयोजन किया गया.

शिविर में प्रात:काल से ही शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से आंख के रोग के इलाज के लिए शिविर स्थल पर पलगभग 375 महिला पुरुषों ने नेत्रों की जांच कराई. यह शिविर सेवा सदन नेत्रालय हिरदाराम नगर के सहयोग से आयोजित किया गया. डॉक्टरों द्वारा नेत्र परिक्षण कर मोतियाबिंद, दृष्टिदोष, आँखों में जलन, धुंधलापन व अन्य नेत्र रोगों की पहचान की गई. सेवा सदन की टीम अरूण शुक्ला, डॉ. जितेन्द्र पाठक, भावना परमार, राहुल के द्वारा आँखों की जांच की गई. शिविर के दौरान लगभग 50 से अधिक मोतियाबिंद की समस्या से पीड़ित मरीज पाए गए, जिसमें 30 मरीजों को बस द्वारा सेवासदन आपरेशन हेतु भेजा गया.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नपा अध्यक्ष राकेश राय, विशेष अतिथि क्रांतिकारी संत मोहित राम पाठक एवं विशिष्ट अतिथि नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, समाजसेवी विवेक रूठिया, वरिष्ठ पत्रकार एआर शेख मुंशी, जितेन्द्र तिवारी उपस्थित रहे. सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा स्वर्गीय सेठ मानकचंद रूठिया के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम को शुभारंभ किया. शिविर के सूत्रधार आशीष गुप्ता, समाजसेवी नरेन्द्र गोस्वामी, परवेश उमर ने




अतिथियों का स्वागत किया। स्वागत भाषण कार्यक्रम की संयोजिका समाजसेविका प्रेमलता राठौर द्वारा किया गया. तत्पश्चात श्रीमती सीमा सक्सेना ने अन्य अतिथियों का अंग वस्त्र से स्वागत किया. कार्यक्रम का सफल संचालन प्रदीप नागिया ने किया.

# न्यायाधीश ने दिलाई संघ की कार्यकारिणी को शपथ



**नवभारत न्यूज**

**आष्टा 30 नवंबर.** अभिभाषक संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथग्रहण समारोह संपन्न हुआ.

- अभिभाषक संघ के पदाधिकारियों ने ली शपथ
- अभिभाषकों के हित में तत्पर रहने का दिया आश्वासन

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश विजय डांगी थे, जिला न्यायाधीश महेश कुमार चौहान, न्यायाधीश नदीम जावेद खान, न्यायाधीश श्रीमती ऋचा जैन और न्यायाधीश श्रीमती ऋचा शर्मा विशेष अतिथि थे. अतिथियों एवं नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का साफा बांधकर और पुष्पहार से स्वागत-सत्कार किया गया.

मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश विजय डांगी ने संघ के अध्यक्ष कृपाल सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष तोष नारायण भूतिया, सचिव सीताराम परमार, कोषाध्यक्ष विक्रम सिंह मकवाना, सहसचिव जीवन सिंह खजुरिया, ग्रंथपाल बाबूलाल परमार, तथा कार्यकारिणी सदस्यों योगेंद्र सिंह ठाकुर, प्रिंस अनुराग धांरवा, रविंद्र सिंह भाटी, महेंद्र भूतिया और भूपेंद्र सिंह राणा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई.

कार्यक्रम के दौरान निर्वाचन अधिकारी कुलदीप सिंह ठाकुर, सहायक निर्वाचन अधिकारी महेंद्र सिंह ठाकुर एवं सुधीर जोशी का अभिनंदन किया गया. कार्यक्रम का संचालन कुलदीप सिंह ठाकुर एवं निलेश कुमार शर्मा ने किया, आभार सीताराम परमार ने माना.

### जिला अभिभाषक संघ के चुनाव 15 को

सीहोर. जिला अभिभाषक संघ के द्विवार्षिक चुनाव 15 दिसंबर को होंगे. चुनाव अधिकारी प्रदीप पहलवान और सहायक चुनाव अधिकारी बृजेंद्र सिंह चंदेल को नियुक्त किया गया. नामांकन फार्म सोमवार से भरे जाएंगे. जबकि 15 दिसंबर को मतदान के बाद ही मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे. नामांकन फार्म 2 दिसंबर तक भरे जाएंगे. 3 दिसंबर को फार्म की जांच होगी. फार्म वापस लेने का मौका 4 से 8 दिसंबर की शाम 4 बजे तक रहेगा. 15 दिसंबर को जिला अभिभाषक संघ के चुनाव होंगे. मतदान का समय सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा.

# उत्तर से आ रही बर्फीली हवाओं से सिहरन

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 30 नवंबर.** पहाड़ों की बर्फीली और रेगिस्तान की ठंडी हवा ने इस बार के नवंबर को बहुत खास बना दिया. इस बार ठंड ने पिछले कई सालों का रिकार्ड तोड़ दिया है. पिछले साल की तुलना करें तो पिछले साल नवंबर के महीने में सिर्फ 10 दिन ही तेज ठंड पड़ी थी, लेकिन इस बार 20 से ज्यादा दिन पारा 8 डिग्री से नीचे रहा. इस बार नवंबर महीने में ही न्यूनतम तापमान 5 डिग्री तक रिकार्ड किया गया.

खास बात यह है कि शीतलहर का दौर नवंबर महीने के पहले सप्ताह से ही शुरु हो गया था. बकि पिछले साल नवंबर महीने के आखिरी दिनों में शीतलहर का असर दिखाई देना शुरु हुआ था. आरएके कॉलेज स्थित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा केंद्र के विशेषज्ञ डॉ. सत्येंद्र सिंह तोमर ने बताया कि रविवार को शहर का अधिकतम तापमान 27.5 और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. डॉ. तोमर के अनुसार हवा की रफ्तार कम होने से रविवार को धुंध का असर ज्यादा रहा. विजिबिलिटी मात्र 50 मीटर ही रही. उन्होंने बताया कि इस बार ऐसी ही ठंड फरवरी महीने तक रहने की संभावना है. इसकी 2 खास वजह है. पहली ला नीना का प्रभाव बना रह सकता है. दूसरा कारण वेस्टर्न डिस्टरबेंस की फ्रीक्वेंसी ज्यादा रहने से पहाड़ों पर बर्फबारी ज्यादा होगी.डॉ. तोमर के अनुसार इन दिनों जो मौसम है वह फसलों के लिए बहुत अच्छा है। इस ठंड से गेहूं और चने की फसल को अच्छी राहत मिल रही है. पिछले दिनों बादलों के कारण गेहूं और चना में जड़माऊ का प्रकोप बढ़ा था, उससे भी अब राहत मिल सकेगी.

**लोकार्पण** तहसील के ग्राम बगवाड़ा में सम्राट विक्रमादित्य सैनिक स्कूल का लोकार्पण

# सैनिक स्कूलों का उद्देश्य राष्ट्रसेवा के लिए प्रतिबद्ध सैनिक तैयार करना

**नवभारत न्यूज**

**बुधनी 30 नवंबर.** सम्राट विक्रमादित्य सैनिक स्कूल, बगवाड़ा में आज प्रथम चरण के लोकार्पण एवं द्वितीय चरण के निर्माण कार्य के भूमि पूजन का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ.

मुख्य अतिथि के एनएसडीसी के महानिदेशक अरुण डागा, अध्यक्षता राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने की. विशिष्ट अतिथि मोहनलाल गुप्ता, प्रादेशिक सचिव डॉ. शिरोमणि दुबे, भालचंद रावले और शशिकांत फड़के उपस्थित रहे. कार्यक्रम की शुरुआत द्वितीय चरण के निर्माण हेतु भूमि पूजन से हुई. अतिथियों ने पूजन कर कुदाली से भूमि खोदकर निर्माण कार्य की शुरुआत करवाई. इसके उपरांत नव-निर्मित भवन का लोकार्पण सांसद माया नारोलिया द्वारा किया गया. कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रांतीय सचिव डॉ. शिरोमणि दुबे ने दी. उन्होंने बताया कि सरस्वती शिक्षा परिवार देशभर में नौ सैनिक विद्यालय संचालित कर रहा है और प्रदेश का यह चौथा सैनिक विद्यालय अब पूर्ण रूप से शुरू हो रहा है. विद्यालय में नर्सरी से कक्षा 12वीं तक नियमित पाठ्यक्रम चलेगा, जबकि सैनिक शिक्षा कक्षा 6 से प्रारंभ होगी. लगभग 600 छात्र एवं 200 छात्राएं यहां अध्ययन कर सकेंगे. उन्होंने कहा कि इन विद्यालयों का उद्देश्य देशभक्त, अनुशासित और राष्ट्रसेवा के लिए प्रतिबद्ध भावी सैनिक तैयार करना है.

मुख्य अतिथि अरुण डागा ने कहा कि प्रथम चरण के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया है तथा द्वितीय चरण के निर्माण में भी विभाग द्वारा सहयोग किया जाएगा. उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह विद्यालय प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ सुविधा युक्त सैनिक विद्यालय बनेगा. सांसद माया नारोलिया ने अपने संबोधन में कहा कि वे स्वयं सरस्वती शिशु मंदिर की पूर्व दीदी रही हैं और उन्हीं मूल्यों ने उन्हें वर्तमान मुकाम तक पहुंचाया है. अध्यक्ष मोहनलाल गुप्ता ने कहा कि वर्षों से बुधनी क्षेत्र में सरस्वती शिशु मंदिर प्रारंभ करने की योजना थी, जिसका प्रारंभ अब सैनिक स्कूल




से किया गया है. पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विद्यालय के लिए भूमि उपलब्ध कराई। परिसर में छात्रावास, सभा हॉल, घुड़सवारी, शूटिंग, स्विमिंग पूल सहित खेल मैदान विकसित किए जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर के पूर्व छात्र आज आईएएस, आईपीएस, आईआरएस, डिफेंस और अंतरिक्ष क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर रहे हैं—सर्जिकल स्ट्राइक में भी विद्यालय की एक पूर्व छात्रा ने शौर्य प्रदर्शित किया

### पीजी कॉलेज में रोजगार मेला 9 दिसंबर को

**सीहोर.** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 09 दिसंबर को प्रात: 11 बजे सीहोर स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा. मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे. इसी प्रकार जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा तथा नए प्रकरण तैयार किये जाएंगे. इसके साथ ही शासकीय आईटीआई द्वारा अप्रेंटिसशिप के लिए आवेदकों को चयनित किया जाएगा.